संख्या-12/1126/38-3-2015-6(आश्रित)/2015

प्रेषक,

कामता प्रसाद,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-3 लखनऊ दिनांक- 17 अगस्त, 2015

विषय- स्व0 दुर्गेश कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी, जनपद बहराइच के पुत्र श्री विकास कुमार सिंह को मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-ए-143/स्था0-2/मृ0आ0नि0/2015, दिनांक 09-06-2015, का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा श्री विकास कुमार सिंह को मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित करने हेतु उ0प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 (यथासंशोधित) की व्यवस्था के अनुसार नियुक्ति में हुए 5 वर्ष से अधिक बिलम्ब को शासन स्तर से शिथिल करने का अनुरोध किया गया है।

2- शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त श्री विकास कुमार सिंह पुत्र स्व0 दुर्गेश कुमार सिंह को मृतक आश्रित भर्ती के लिए आवेदन करने में हुए बिलम्ब को शिथिल करते हुए इनकी शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट (विज्ञान वर्ग) के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी के पद पर मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजित करने का निर्णय लिया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त निर्णयानुसार नियुक्ति आदेश निर्गत करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को एक सप्ताह में अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कामता प्रसाद)
अनु सचिव।

संख्या-12/1126(1)/38-3-2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि जिला विकास अधिकारी, बहराइच को निर्णयानुसार कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से समयान्तर्गत शासन को अवगत कराने हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(कामता प्रसाद)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in